दिनांक: 6 अगस्त 2026

क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त दान का विश्लेषण: वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25

(ज्ञात स्त्रोत रु 20,000 से अधिक का दान)

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
प्लॉट नं. ई-5, चौथी मंजिल, लेन-1, वेस्टएंड मार्ग, सैदुलाजाब,
(साकेत मेट्रो गेट नं. 2 के पीछे) नई दिल्ली – 110030
ईमेल: adr@adrindia.org ; फोन: 011-4165 4200

क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा घोषित दान का विश्लेषण – वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25

परिचय

यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा तैयार की गई है जो क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान घोषित दान/चंदा पर केंद्रित है, जैसा कि दलों द्वारा दान रिपोर्ट भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को प्रस्तुत किया गया है।

राजनीतिक दल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनके राजनीतिक दान का प्रकटीकरण नागरिकों को दल के वित्तपोषण के स्रोतों की जांच करने तथा दान-दाताओं के राजनीतिक प्रक्रिया पर संभावित प्रभाव का आकलन करने में सक्षम बनाता है। राजनीतिक चंदे को नियंत्रित करने वाला कानूनी ढांचा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए), 1951 और आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत निर्धारित है। आरपीए की धारा 29सी प्रत्येक राजनीतिक दल को चुनाव आयोग ऑफ इंडिया (ईसीआई) को योगदान रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश देती है, जिसमें रु 20,000 से अधिक के योगदान का प्रकटीकरण करना होता है। इसके अतिरिक्त, आयकर अधिनियम की धारा 13ए और 80जीजीबी/80जीजीसी राजनीतिक दलों को कर छूट तथा दाताओं को कर कटौती प्रदान करती हैं, बशर्ते निर्धारित प्रकटीकरण आवश्यकताओं का पालन किया जाए।

यह रिपोर्ट क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा भारत के चुनाव आयोग को वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25 के लिए घोषित रु 20,000 से अधिक के चंदे/दान का विश्लेषण करती है। यह दोनों वित्तीय वर्षों में प्राप्त योगदान की मात्रा और मूल्य का तुलनात्मक आकलन प्रस्तुत करती है, सबसे अधिक चंदा प्राप्त करने वाले दलों की पहचान करती है, प्रमुख दान दाताओं की प्रोफ़ाइल की जांच करती है, तथा क्षेत्र, योगदान के तरीके, राज्य-वार वितरण और दानदाता के पैन विवरण की उपलब्धता के अनुसार चंदे का विश्लेषण करती है।

विश्लेषण दोनों वित्तीय वर्षों के दौरान क्षेत्रीय दलों में वित्तपोषण तरीका में महत्वपूर्ण भिन्नताओं को उजागर करता है। जबकि कई दलों ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में घोषित चंदे में पर्याप्त वृद्धि देखी, चंदे की संरचना भी काफी भिन्न रही, जिसमें कॉर्पोरेट और व्यावसायिक घरानों का योगदान सबसे बड़ा हिस्सा था इसके बाद व्यक्तिगत दानदाताओं का योगदान रहा | रिपोर्ट अपर्याप्त रूप से प्रकट किए गए दान-दाताओं से प्राप्त चंदे की भी जांच करती है और वैधानिक प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुपालन की सीमा का आकलन करती है।

यह रिपोर्ट 40 क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चंदे पर केंद्रित है। वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 39 दलों और वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 34 दलों की योगदान रिपोर्ट भारत के चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध थीं और इस रिपोर्ट में उनका विश्लेषण किया गया है।

विस्तृत रिपोर्ट

I. क्षेत्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए चुनाव आयोग को योगदान रिपोर्ट जमा करने की स्थिति

- 67 क्षेत्रीय दलों में से 40 दलों का विश्लेषण किया गया है, केवल 12 क्षेत्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए समय पर अपनी योगदान रिपोर्ट जमा कीं। **जेजेपी, एलजेपी (राम विलास), केरला कांग्रेस (एम), एनपीएफ, आरएलटीपी, एमजीपी, बीजेडी, एआईयूडीएफ, एआईएडीएमके, डीएमके, वाईएसआर-कांग्रेस और जेएमएम** जैसे दलों ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में समय पर अपनी रिपोर्ट दाखिल कीं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 24 दलों ने समय पर ये रिपोर्ट जमा कीं थी।
- 21 क्षेत्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपनी योगदान रिपोर्ट जमा करने में 8 दिन से 160 दिन तक की देरी की है जबकि 14 क्षेत्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इन रिपोर्टों को जमा करने में 2 दिन से 109 दिन तक की देरी किया |
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, कुल 33 क्षेत्रीय दलों की योगदान रिपोर्ट ईसीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं। इनमें भारत आदिवासी पार्टी, गोवा फॉरवर्ड पार्टी, वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी, सिटीजन एक्शन पार्टी–सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, असम गण परिषद, इंडिजिनस पीपल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा, टिपरा मोथा पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस, बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट, हिल स्टेट पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, जम्मू एवं कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी आदि शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 28 क्षेत्रीय दलों की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं हैं।
- कई पार्टियां जिन्होंने अपने दान विवरण वित्तीय वर्ष 2023–24 में समय सीमा के भीतर जमा की थी वही पार्टियां वित्तीय वर्ष 2024–25 में देर से अपने विवरण जमा करने वाली पार्टियां बन गईं। जैसे **टीडीपी**, **एमएनएस**, **एआईएमआईएम**, **एजेएसयू पार्टी** और **एसडीएफ** आदि |
- कुछ दल लगातार दोनों वित्तीय वर्षों में नियत तिथि के बाद रिपोर्ट जमा करते रहे। इनमें **जेडी(यू), अपना दल (सोनेलाल), सीपीआई(एमएल)(लिबरेशन), तृणमूल कांग्रेस, आईएनएलडी, जेडी(एस), सीपीआई** और **डीएमडीके** आदि शामिल हैं।
- आईपीएफटी, टिपरा मोथा पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, एआईएनआरसी, बीपीएफ, एचएसपीडीपी तथा जेकेएनपीपी जैसे दलों की योगदान रिपोर्टें वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25 के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं थीं।

क्रम संख्या	राजनीतिक दल	पार्टी कोड	वित्तीय वर्ष-2024-25		वित्तीय वर्ष-2023-24	
			जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या	जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या
1	Jannayak Janta Party	JJP	10 June 2025	-	10 July 2024	-
2	Lok Janshakti Party (Ram Vilas)	LJP (Ram Vilas)	3 July 2025	-	31 August 2024	-
3	Kerala Congress (M)	KC(M)	10 July 2025	-	29 July 2024	-

क्रम संख्या	राजनीतिक दल	पार्टी कोड	वित्तीय वर्ष-2024-25		वित्तीय वर्ष-2023-24	
			जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या	जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या
4	Naga Peoples Front	NPF	16 July 2025	-	20 January 2025	-
5	Rashtriya Loktantrik Party	RLTP	8 August 2025	-	11 September 2024	-
6	Maharashtra Gomantak Party	MGP	27 August 2025	-	9 August 2024	-
7	Biju Janata Dal	BJD	12 September 2025	-	13 September 2024	-
8	All India United Democratic Front	AIUDF	12 September 2025	-	6 September 2024	-
9	All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam	AIADMK	18 September 2025	-	19 August 2024	-
10	Dravida Munnetra Kazhagam	DMK	27 September 2025	-	3 October 2024	**2 Days**
11	Yuvajana Sramika Rythu Congress Party	YSR- Congress	29 September 2025	-	12 September 2024	-
12	Jharkhand Mukti Morcha	JMM	27 September 2025	-	28 September 2024	-
13	Naam Tamilar Katchi	Naam Tamilar Katchi	9 October 2025	**8 Days**	30 September 2024	-
14	Revolutionary Goans Party	RGP	9 October 2025	**8 Days**	3 September 2024	-
15	Bharat Rashtra Samithi	BRS	10 October 2025	**9 Days**	25 September 2024	-
16	Communist Party of India (Marxist-Leninist) (Liberation)	CPI(ML)(L)	10 October 2025	**9 Days**	25 October 2024	**24 Days**
17	All India Trinamool Congress	AITC	13 October 2025	**12 Days**	4 October 2024	**03 Days**
18	Shiromani Akali Dal	SAD	13 October 2025	**12 Days**	27 September 2025	-
19	Sikkim Krantikari Morcha	SKM	13 October 2025	**12 Days**	23 September 2024	-
20	Samajwadi Party	SP	16 October 2025	**15 Days**	18 October 2024	**17 Days**
21	Telugu Desam Party	TDP	27 October 2025	**26 Days**	30 September 2024	-
22	Maharashtra Navnirman Sena	MNS	27 October 2025	**26 Days**	17 September 2024	-
23	Nationalist Democratic Progressive Party	NDPP	27 October 2025	**26 Days**	3 October 2024	**2 Days**

क्रम संख्या	राजनीतिक दल	पार्टी कोड	वित्तीय वर्ष-2024-25		वित्तीय वर्ष-2023-24	
			जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या	जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या
24	Janata Dal (United)	JD(U)	28 October 2025	**27 Days**	30 October 2024	**29 Days**
25	Apna Dal (Soneylal)	Apna Dal (Soneylal)	28 October 2025	**27 Days**	28 October 2024	**27 Days**
26	All India Majlis-E-Ittehadul Muslimeen	AIMIM	29 October 2025	**28 Days**	17 September 2024	-
27	Desiya Murpokku Dravida Kazhagam	DMDK	30 October 2025	**29 Days**	20 November 2024	**50 Days**
28	Janasena Party	Janasena Party	3 November 2025	**33 Days**	**Date not given**	**-**
29	AJSU Party	AJSU Party	3 November 2025	**33 Days**	27 September 2024	-
30	Sikkim Democratic Front	SDF	14 November 2025	**44 Days**	30 September 2024	-
31	Indian National Lok Dal	INLD	25 November 2025	**55 Days**	24 October 2024	**23 Days**
32	Janata Dal (Secular)	JD(S)	9 December 2025	**69 Days**	9 November 2024	**39 Days**
33	Communist Party of India	CPI	10 December 2025	**70 Days**	22 November 2024	**52 Days**
34	Indian Union Muslim League	IUML	10 March 2026	**160 Days**	**Not available on the website**	**1 years 10 months 5 days**
35	Bharat Adivasi Party	Bharat Adivasi Party	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	8 July 2024	-
36	Goa Forward Party	Goa Forward Party	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	17 September 2024	-
37	Voice of the People Party	Voice of the People Party	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	30 September 2024	-
38	Citizen Action Party - Sikkim	Citizen Action Party-Sikkim	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	31 October 2024	**30 Days**
39	Jammu & Kashmir National Conference	JKNC	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	14 January 2025	**105 Days**
40	Asom Gana Parishad	AGP	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	17 January 2025	**109 Days**
41	Indigenous People's Front of Tripura	IPFT	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
42	Tipra Motha Party	Tipra Motha Party	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**

क्रम संख्या	राजनीतिक दल	पार्टी कोड	वित्तीय वर्ष-2024-25		वित्तीय वर्ष-2023-24	
			जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या	जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या
43	All India Forward Bloc	AIFB	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
44	All India N.R. Congress	AINRC	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
45	Bodoland Peoples Front	BPF	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
46	Hill State People's Democratic Party	HSPDP	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
47	Jammu & Kashmir National Panthers Party	JKNPP	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
48	Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party	JKPDP	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
49	Janta Congress Chhattisgarh (J)	JCC(J)	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
50	Kerala Congress	KC	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
51	Lok Jan Shakti Party	LJP	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
52	Mizo National Front	MNF	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
53	Nationalist Congress Party	NCP	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
54	Nationalist Congress Party - Sharadchandra Pawar	NCP(Sharadchandra Pawar)	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
55	People's Democratic Front	PDF	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
56	People's Party of Arunachal	PPA	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
57	Rashtriya Janata Dal	RJD	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days
58	Rashtriya Lok Samta Party	Rashtriya Lok Samta Party	Not available on the website	10 months 05 days	Not available on the website	1 year 10 months 5 days

क्रम संख्या	राजनीतिक दल	पार्टी कोड	वित्तीय वर्ष-2024-25		वित्तीय वर्ष-2023-24	
			जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या	जमा करने की तारीख	देरी के दिनों की संख्या
59	Republican Party of India (Athawale)	RPI(Athawale)	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
60	Revolutionary Socialist Party	RSP	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
61	Shiv Sena	SHS	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
62	Shiv Sena (Uddhav Balasaheb Thackrey)	SHS(UBT)	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
63	United Democratic Party	UDP	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
64	United People's Party, Liberal	UPPL	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
65	Viduthalai Chiruthaigal Katchi	VCK	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
66	Zoram Nationalist Party	ZNP	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**
67	Zoram People's Movement	ZPM	**Not available on the website**	**10 months 05 days**	**Not available on the website**	**1 year 10 months 5 days**

II. क्षेत्रीय दलों को चुनाव आयोग को घोषित दान (रु 20,000 से अधिक), वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25

- क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा घोषित रु 20,000 से अधिक के दानों की संख्या में **85%** की तीव्र वृद्धि हुई, जो वित्तीय वर्ष 2023–24 में 2,861 दानों से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में 5,297 दान हो गई।
- घोषित दानराशि के कुल मूल्य में भी तीन गुना वृद्धि हुई, जो वित्तीय वर्ष 2023–24 में **रु 347.693 करोड़** से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में **रु 1,051.556 करोड़** हो गई, जो क्षेत्रीय दलों द्वारा प्राप्त वित्तीय योगदान में पर्याप्त वृद्धि को दर्शाता है।
- **डीएमके** ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 467 दानों से **रु 365.784 करोड़** का सबसे अधिक दानराशि (रु 20,000 से अधिक) घोषित किया है । वित्तीय वर्ष 2023-24 में, टीडीपी ने **172 दानों** से रु 100.1889 करोड़ का सबसे अधिक दानराशि घोषित किया।

- इस रिपोर्ट में विश्लेषण किए गए क्षेत्रीय दलों में, तृणमूल कांग्रेस ने इलेक्टोरल बॉन्ड से **रु 612.4238 करोड़** का सबसे अधिक चंदा घोषित किया है, जिसके बाद **बीआरएस** (रु 495.52 करोड़) था, इससे पहले कि सर्वोच्च न्यायालय के 15 फरवरी 2024 के फैसले के बाद इलेक्टोरल बांड्स योजना को बंद कर दिया गया और इलेक्टोरल बांड्स योजना 2018 को असंवैधानिक घोषित किया।
- कई दलों ने दोनों वित्तीय वर्षों के बीच दानराशि में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। इनमें डीएमके, तृणमूल कांग्रेस, जेएमएम, एआईएडीएमके, एलजेपी (राम विलास), जेडी(यू), बीजेडी आदि शामिल हैं। जिन दलों के वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2023-24 के बीच दानराशि में गिरावट देखी है **उनमें बीआरएस, टीडीपी, जनसेना पार्टी, सीपीआई, जननायक पार्टी, जेडी(एस)** और **एमएनएस** आदि शामिल हैं।
- **बीजेडी** (रु 60 करोड़ के 4 दानों), **बीआरएस** (रु 15.09 करोड़ के 4 दानों) वित्तीय वर्ष 2024-25 में और **वाईएसआर-कांग्रेस** (रु 62.50 करोड़ के 4 दानों) वित्तीय वर्ष 2023-24 में जैसे क्षेत्रीय दलों ने पर्याप्त राशि के बहुत कम दान रिपोर्ट किए।
- तीन दलों **एसकेएम**, **एनडीपीपी** और **एआईएमआईएम** ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में रु 20,000 से अधिक का शून्य दानराशि घोषित किया है जबकि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में दानराशि दर्शाया था।
- **भारत आदिवासी पार्टी, एजीपी, वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी, सिटीजन एक्शन पार्टी–सिक्किम, गोवा फॉरवर्ड पार्टी** और **जेकेएनसी** की योगदान रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए उपलब्ध नहीं थीं, और इसलिए उनके दानराशि के आंकड़ों का विश्लेषण नहीं किया जा सका।



वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए क्षेत्रीय दलों को प्राप्त रु 20,000 से अधिक की दानराशि (रु करोड़ में)						
क्रम संख्या	राजनीतिक दल	वित्तीय वर्ष 2024-25		वित्तीय वर्ष 2023-24		
		दान की संख्या	रु 20,000 से ज़्यादा का कुल दान	दान की संख्या	रु 20,000 से ज़्यादा का कुल दान	इलेक्टोरल बॉन्ड से मिला दान
1	DMK	467	365.784	50	21.562	60.00
2	AITC	448	184.96	297	6.424	612.4238
3	YSR-Congress	37	140.039	4	62.50	121.50
4	TDP	267	83.036	172	100.1889	174.08
5	AIADMK	133	66.3074	100	3.67	-
6	BJD	4	60.00	0	0	245.50
7	JMM	188	33.233	29	0.6565	11.50
8	Janasena Party	175	25.331	288	36.051	24.00
9	JD(U)	250	18.697	303	1.81	-
10	IUML	2171	15.2328	NA	NA	-
11	BRS	4	15.0908	8	85.00	495.52
12	LJP (Ram Vilas)	12	11.093	12	0.1167	-
13	CPI	458	9.016	280	11.595	-
14	AJSU Party	3	5.515	22	0.2721	-
15	SAD	28	4.0645	133	2.181	-
16	SDF	3	3.54	0	0	5.50
17	Naam Tamilar Katchi	297	2.8709	224	2.1788	-
18	MGP	10	1.16	37	0.005	-
19	JD(S)	5	1.1228	11	2.455	41.00
20	SP	26	0.9347	12	0.4675	-
21	MNS	26	0.9087	36	2.399	-
22	AIUDF	48	0.8973	8	0.33	-
23	DMDK	1	0.5	0	0	-
24	CPI(ML)(L)	98	0.499	80	0.43	-
25	KC(M)	28	0.486	20	0.2315	-
26	Jannayak Janta Party	4	0.403	245	5.717	-
27	Apna Dal (Soneylal)	8	0.38	4	0.085	-
28	INLD	37	0.292	0	0	-
29	Rashtriya Loktantrik Party	6	0.10	40	0.8281	-
30	Revolutionary Goans Party	17	0.0575	20	0.0844	-
31	NPF	38	0.0036	387	0.0484	-
32	SKM	0	0	1	0.0663	29.00
33	NDPP	0	0	1	0.11	-
34	AIMIM	0	0	16	0.0902	-
35	Bharat Adivasi Party	NA	NA	10	0.0702	-
36	AGP	NA	NA	1	0.04	-
37	Voice of the People Party	NA	NA	9	0.024	-

वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए क्षेत्रीय दलों को प्राप्त रु 20,000 से अधिक की दानराशि (रु करोड़ में)						
क्रम संख्या	राजनीतिक दल	वित्तीय वर्ष 2024-25		वित्तीय वर्ष 2023-24		
		दान की संख्या	रु 20,000 से ज़्यादा का कुल दान	दान की संख्या	रु 20,000 से ज़्यादा का कुल दान	इलेक्टोरल बॉन्ड से मिला दान
38	Citizen Action Party-Sikkim	NA	NA	1	0.005	-
39	Goa Forward Party	NA	NA	0	0	-
40	JKNC	NA	NA	0	0	-
कुल		5297 दान	रु 1051.556 करोड़	2861 दान	रु 347.693 करोड़	रु 1820.0238 करोड़

III. वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के शीर्ष 10 दान दाता

- शीर्ष 10 दानदाताओं ने सामूहिक रूप से वित्तीय वर्ष 2023–24 और वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान **76 दानों** के माध्यम से **रु 832.50 करोड़** का योगदान दिया।
- शीर्ष 10 दाताओं से योगदान में वित्तीय वर्ष 2024–25 में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जो **43 दानों** के माध्यम से **रु 594 करोड़** थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2023–24 में **31 दानों** के माध्यम से **रु 238.50 करोड़** थी। यह योगदान के मूल्य में **149%** और दानों की संख्या में **45%** की वृद्धि दर्शाता है।
- **प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट** दोनों वित्तीय वर्षों में सबसे बड़ा दानदाता रहा है जिसने **38 दानों** के माध्यम से **रु 434 करोड़** का योगदान दिया (वित्तीय वर्ष 2024–25 में **रु 253.50 करोड़** और वित्तीय वर्ष 2023–24 में **रु 180.50 करोड़**), जो शीर्ष 10 दानदाताओं द्वारा किए गए कुल योगदान का **52%** से अधिक है।
- **टाइगर एसोसिएट्स** दूसरा सबसे बड़ा दानदाता था, जिसने **पांच दानों** के माध्यम से **रु 160 करोड़** की दानराशि दी है यह सभी दान वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान किए गए हैं |
- **प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट** (रु 70 करोड़), **वेदांता लिमिटेड** (रु 45 करोड़), और **एबी जनरल इलेक्टोरल ट्रस्ट** (रु 32 करोड़) शीर्ष पांच दानदाताओं में शामिल थे, जिनके सभी योगदान वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान किए गए।
- वित्तीय वर्ष 2023–24 के शीर्ष दानदाताओं में से तीन **चंद्र शेखर पेम्मसानी** (रु 30.50 करोड़), **रवि शंकर पेम्मसानी** (रु 17.50 करोड़), और **बाश्याम कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड** (रु 10 करोड़) हैं, जो वित्तीय वर्ष 2024–25 के शीर्ष योगदानकर्ताओं में शामिल नहीं हुए।
- **इलेक्टोरल ट्रस्ट** राजनीतिक वित्तपोषण पर हावी रहे। प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट, प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट, और एबी जनरल इलेक्टोरल ट्रस्ट ने मिलकर **रु 536 करोड़** का योगदान दिया है जो दोनों वित्तीय वर्षों में शीर्ष 10 दानदाताओं द्वारा किए गए कुल दानराशि का लगभग **64.4%** है।



वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए शीर्ष 10 दानदाता (रु करोड़ में)							
क्रम संख्या	दाता का नाम	वित्तीय वर्ष 2024-25		वित्तीय वर्ष 2023-24		दान की कुल संख्या	योगदान की कुल राशि
		दान की संख्या	दानराशि	दान की संख्या	दानराशि		
1	Prudent Electoral Trust	20	253.50	18	180.50	38	**Rs 434 cr**
2	M/s. Tiger Associates	5	160.00	0	0	5	**Rs 160 cr**
3	Progressive Electoral Trust	7	70.00	0	0	7	**Rs 70 cr**
4	Vedanta Limited	3	45.00	0	0	3	**Rs 45 cr**
5	AB General Electoral Trust	4	32.00	0	0	4	**Rs 32 cr**
6	Chandra Sekhar Pemmasani	0	0	6	30.50	6	**Rs 30.50 cr**
7	Natco Pharma Limited	4	18.50	0	0	4	**Rs 18.50 cr**
8	Ravi Shankar Pemmasani	0	0	4	17.50	4	**Rs 17.50 cr**
9	Varsity Education Management Pvt Ltd	2	15.00	0	0	2	**Rs 15.00 cr**
10	Baashyaam Constructions Private Limited	0	0	3	10.00	3	**Rs 10.00 cr**
कुल		**45 दान**	**रु 594 करोड़**	**31 दान**	**रु 238.50 करोड़**	**76 दान**	**रु 832.50 करोड़**

IV. वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच क्षेत्रीय दलों द्वारा प्राप्त दान (रु 20,000 से अधिक) की तुलना

- 40 दलों में से केवल 33 दलों की दोनों वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25) की योगदान रिपोर्ट भारत के चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
- क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा घोषित कुल दान वित्तीय वर्ष 2023–24 में **रु 347.554 करोड़** था, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढ़कर **रु 1,036.323 करोड़** हो गया। इस प्रकार दान में **रु 688.769 करोड़** की वृद्धि दर्ज की गई, जो **198.18%** की उल्लेखनीय बढ़ोतरी है।
- **डीएमके** के दान में सबसे अधिक वृद्धि हुई है जबकि पार्टी को प्राप्त दानराशि वित्तीय वर्ष 2023–24 में **रु 21.562 करोड़** मिला था जो बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में **रु 365.784 करोड़** हो गया। इस प्रकार दानराशि में **रु 344.222 करोड़** की वृद्धि दर्ज की गई।
- **तृणमूल कांग्रेस** की दानराशि में दूसरी सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। पार्टी को प्राप्त दानराशि वित्तीय वर्ष 2023–24 में **रु 6.424 करोड़** से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में रु 184.96 करोड़ हो गई। इस प्रकार, पार्टी की कुल दानराशि में रु 178.536 करोड़ की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
- **वाईएसआर कांग्रेस**, **एआईएडीएमके** और **बीजेडी** की दानराशि में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वाईएसआर कांग्रेस की दानराशि में **रु 77.539 करोड़** तथा एआईएडीएमके की दानराशि में **रु 62.6374 करोड़** की वृद्धि हुई। वहीं, बीजेडी ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में रु 20,000 से अधिक का कोई चंदा रिपोर्ट नहीं किया था, जबकि वित्तीय वर्ष 2024–25 में पार्टी ने **रु 60 करोड़** की दानराशि घोषित की है।
- दोनों वित्तीय वर्षों में दानराशि प्राप्त करने वाले दलों में, **झारखंड मुक्ति मोर्चा** ने सबसे उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। पार्टी को प्राप्त दान **रु 65.65 लाख** से बढ़कर **रु 33.233 करोड़** हो गया, जो लगभग **4962%** की वृद्धि है। इसी प्रकार, **लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास)** ने भी दानराशि में **9406%** की तीव्र वृद्धि दर्ज की, हालांकि यह वृद्धि अपेक्षाकृत बहुत छोटे आधार से हुई।
- कुल राशि के हिसाब से सबसे बड़ी गिरावट **बीआरएस** में दर्ज की गई। पार्टी को प्राप्त दानराशि वित्तीय वर्ष 2023–24 में **रु 85 करोड़** से घटकर वित्तीय वर्ष 2024–25 में **रु 15.0908 करोड़** रह गया, जिससे **रु 69.9092 करोड़** की कमी दर्ज हुई।
- **टीडीपी** ने दानराशि में दूसरी सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की। पार्टी को प्राप्त दान में **रु 17.1529 करोड़** की कमी आई। इसके बाद **जनसेना पार्टी** का स्थान रहा, जिसकी दानराशि में **रु 10.72 करोड़** की गिरावट दर्ज की गई।
- **जननायक जनता पार्टी** के दान विवरण, दोनों वर्षों के दौरान प्राप्त दानराशि में सबसे अधिक प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। पार्टी को वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त **रु 5.717 करोड़** की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024–25 में केवल **रु 40.30 लाख** की दानराशि प्राप्त हुई, जो **92.95%** की कमी दर्शाती है। इसी प्रकार, **एनपीएफ** की दानराशि में भी **92%** से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

- तीन दलों, एसकेएम, एनडीपीपी और एआईएमआईएम ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में रु 20,000 से अधिक का दानराशि किया है लेकिन वित्तीय वर्ष 2024–25 में ऐसे कोई भी दान घोषित नहीं किया है।
- वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए आईयूएमएल की दान संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए भारत आदिवासी पार्टी, एजीपी, वॉयस ऑफ़ द पीपल पार्टी, सिटिज़न एक्शन पार्टी–सिक्किम, गोवा फॉरवर्ड पार्टी तथा जेकेएनसी की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थीं। इन रिपोर्टों के अभाव में इन दलों के दान संबंधी आँकड़ों की वर्ष-दर-वर्ष तुलना करना संभव नहीं हो सका।

वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच क्षेत्रीय दलों को मिले दान (रु 20,000 से ज़्यादा) की तुलना (रु करोड़ में)				
क्षेत्रीय पार्टी	**वित्तीय वर्ष 2023-24 (A)**	**वित्तीय वर्ष 2024-25 (B)**	**पिछले साल के मुकाबले बढ़ी/घटी रकम (B-A)**	**बढ़ोतरी/कमी का प्रतिशत (C/A*100)**
DMK	21.562	365.784	344.222	1596.43%
AITC	6.424	184.96	178.536	2779.20%
YSR-Congress	62.50	140.039	77.539	124.06%
TDP	100.1889	83.036	**-17.1529**	**-17.12%**
AIADMK	3.67	66.3074	62.6374	1706.74%
BJD	0	60.00	60.00	-
JMM	0.6565	33.233	32.5765	4962.15%
Janasena Party	36.051	25.331	**-10.72**	**-29.74%**
JD(U)	1.81	18.697	16.887	932.98%
BRS	85.00	15.0908	**-69.9092**	**-82.25%**
LJP(Ram Vilas)	0.1167	11.093	10.9763	9405.57%
CPI	11.595	9.016	**-2.579**	**-22.24%**
AJSU Party	0.2721	5.515	5.2429	1926.83%
SAD	2.181	4.0645	1.8835	86.36%
SDF	0	3.54	3.54	-
Naam Tamilar Katchi	2.1788	2.8709	0.6921	31.77%
MGP	0.005	1.16	1.155	23100.00%
JD(S)	2.455	1.1228	**-1.3322**	**-54.26%**
SP	0.4675	0.9347	0.4672	99.94%
MNS	2.399	0.9087	**-1.4903**	**-62.12%**
AIUDF	0.33	0.8973	0.5673	171.91%
DMDK	0	0.50	0.50	-
CPI(ML)(L)	0.43	0.499	0.069	16.05%
KC(M)	0.2315	0.486	0.2545	109.94%
Jannayak Janta Party	5.717	0.403	**-5.314**	**-92.95%**
Apna Dal (Soneylal)	0.085	0.38	0.295	347.06%
INLD	0	0.292	0.292	-
Rashtriya Loktantrik Party	0.8281	0.10	**-0.7281**	**-87.92%**
Revolutionary Goans Party	0.0844	0.0575	**-0.0269**	**-31.87%**
NPF	0.0484	0.0036	**-0.0448**	**-92.56%**
SKM	0.0663	0	**-0.0663**	**-100%**
NDPP	0.11	0	**-0.11**	**-100%**

वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच क्षेत्रीय दलों को मिले दान (रु 20,000 से ज़्यादा) की तुलना (रु करोड़ में)				
क्षेत्रीय पार्टी	**वित्तीय वर्ष 2023-24 (A)**	**वित्तीय वर्ष 2024-25 (B)**	**पिछले साल के मुकाबले बढ़ी/घटी रकम (B-A)**	**बढ़ोतरी/कमी का प्रतिशत (C/A*100)**
AIMIM	0.0902	0	**-0.0902**	**-100%**
कुल	**रु 347.554 करोड़**	**रु 1036.323 करोड़**	**रु 688.769 करोड़**	**198.18%**
IUML	**NA**	15.2328		
Bharat Adivasi Party	0.0702	**NA**		
AGP	0.04	**NA**		
Voice of the People Party	0.024	**NA**		
Citizen Action Party-Sikkim	0.005	**NA**		
Goa Forward Party	0	**NA**		
JKNC	0	**NA**		

v. वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में क्षेत्रीय दलों को क्षेत्र-वार दान (रु 20,000 से अधिक)

- क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25 के संयुक्त रूप से रु 20,000 से अधिक के कुल **8,158 दान** घोषित किए, जिनकी राशि **रु 1,399.249 करोड़** है।
- दान के कुल मूल्य में **202%** की पर्याप्त वृद्धि हुई, जो वित्तीय वर्ष 2023–24 में रु 347.693 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में रु 1,051.556 करोड़ हो गई, जबकि चंदों की संख्या में **85%** की वृद्धि हुई, जो **2,861** से **5,297** हो गई।
- कॉर्पोरेट/व्यावसायिक घराने राजनीतिक वित्तपोषण का सबसे बड़ा स्रोत बने रहे, जिन्होंने 650 दानों के माध्यम से **रु 872.538 करोड़** का योगदान दिया, जो दोनों वित्तीय वर्षों के दौरान प्राप्त दान के कुल मूल्य का **62.36%** है।
- कॉर्पोरेट/व्यावसायिक घरानों से दान के मूल्य में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई, जो वित्तीय वर्ष 2023–24 में **रु 227.606 करोड़** (65.46%) से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में **रु 644.93 करोड़** (61.33%) हो गई, हालांकि कुल दानराशि के मूल्य में उनका हिस्सा लगभग 4 प्रतिशत अंकों से मामूली रूप से घटा।
- व्यक्तिगत दाताओं सबसे अधिक संख्या में दान दिया जिन्होंने **5,647 दान** (सभी चंदों का **69%**) दिए। हालांकि, ये दानराशि केवल **रु 193.946 करोड़** थी जो कुल दान के मूल्य का **13.86%** है।
- हालांकि व्यक्तिगत दानों की संख्या **2,041** से बढ़कर **3,606** हो गई, लेकिन इनसे प्राप्त कुल राशि में कमी आई। व्यक्तिगत दानों का मूल्य वित्तीय वर्ष 2023–24 के **रु 102.429 करोड़** से घटकर वित्तीय वर्ष 2024–25 में **रु 91.517 करोड़** रह गया। इस कारण कुल दान में व्यक्तिगत दानों का योगदान **29.46%** से घटकर **8.70%** हो गया।
- अघोषित दाताओं से प्राप्त दान में वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान भारी वृद्धि दर्ज की गई। यह राशि वित्तीय वर्ष 2023–24 में **रु 6.62 करोड़** से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में **रु 302.67 करोड़** हो गई, जो **4,470%** से अधिक की वृद्धि

को दर्शाती है। इसके परिणामस्वरूप, कुल प्राप्त दान में अघोषित दाताओं की हिस्सेदारी **1.90%** से बढ़कर **28.78%** हो गई।



राजनीतिक दलों द्वारा घोषित क्षेत्र-वार दान (रु 20,000 से ज़्यादा): वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 (रु करोड़ में)									
क्षेत्र-वार	वित्तीय वर्ष 2024-25			वित्तीय वर्ष 2023-24			दान की कुल संख्या	कुल प्राप्त दान	दान का हिस्सा
	दान की संख्या	रु 20,000 से अधिक का कुल दान	दान का हिस्सा	दान की संख्या	रु 20,000 से अधिक का कुल दान	दान का हिस्सा			
Corporate/ Business Houses	443	644.932	61.33%	207	227.606	65.46%	650	**Rs 872.538 cr**	62.36%
Individual	3606	91.517	8.70%	2041	102.429	29.46%	5647	**Rs 193.946 cr**	13.86%
Party Units/Union/Associations/Others	1059	12.44	1.18%	204	11.038	3.17%	1263	**Rs 23.478 cr**	1.68%
Undeclared donor name	189	302.667	28.78%	409	6.62	1.90%	598	**Rs 309.287 cr**	22.10%
Total	**5297 donations**	**Rs 1051.556 cr**		**2861 donations**	**Rs 347.693 cr**		**8158 donations**	**Rs 1399.249 cr**	

- वित्तीय वर्ष 2023–24 में, **तेलुगु देशम पार्टी** सबसे अधिक दान प्राप्त करने वाली पार्टी रही, जिसे **कुल रु 100.188 करोड़** का योगदान प्राप्त हुआ। इसके बाद वाईएसआर-कांग्रेस को **रु 62.50 करोड़** का दान मिला। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024–25 में दान प्राप्त करने के मामले में **डीएमके** शीर्ष स्थान पर रही, जिसने रु 365.784 करोड़ का योगदान प्राप्त किया। इसके बाद **तृणमूल कांग्रेस** (रु 184.96 करोड़) और वाईएसआर कांग्रेस (रु 140.039 करोड़) का स्थान रहा।
- **डीएमके** ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में अघोषित दाताओं से **रु 300.635 करोड़** का सबसे अधिक दानराशि प्राप्त किया है यह राशि उसके उस वर्ष के कुल प्राप्त दान का लगभग **82.2%** थी।
- **तृणमूल कांग्रेस**, **वाईएसआर-कांग्रेस**, **टीडीपी**, **एआईएडीएमके** और **बीजेडी** को प्राप्त दान कॉर्पोरेट/व्यावसायिक घरानों से आया। इन दलों को अन्य दाता श्रेणियों से या तो बहुत कम या कोई योगदान प्राप्त नहीं हुआ है |
- **टीडीपी** के वित्तपोषण का स्वरूप काफी विविध रहा है | पार्टी को कॉर्पोरेट/व्यावसायिक घरानों से दोनों वर्षों में कुल **रु 116.55 करोड़** तथा व्यक्तिगत दाताओं से **रु 66.67 करोड़** का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हुआ।
- वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रमुख क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में **झारखंड मुक्ति मोर्चा** ने व्यक्तिगत दाताओं से सबसे अधिक चंदा प्राप्त किया है | पार्टी को व्यक्तियों से **रु 26.623 करोड़** का योगदान मिला, जो इस वर्ष प्राप्त उसके कुल दानराशि का लगभग **80%** था।
- वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25 दोनों वर्षों के दौरान पार्टी राज्य इकाइयों/ट्रेड यूनियनों/संघों से प्राप्त दान बहुत कम रहा। इन स्रोतों से कुल मिलाकर केवल **रु 23.478 करोड़** (कुल प्राप्त दान का 1.68%) का योगदान प्राप्त हुआ।
- वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25 के दौरान कुल प्राप्त दान में कुछ **प्रमुख दलों का वर्चस्व** रहा जिसमें **डीएमके**, **तृणमूल कांग्रेस**, **वाईएसआर-कांग्रेस** और **टीडीपी** ने संयुक्त रूप से घोषित कुल दान का **60%** से अधिक का योगदान प्राप्त किया है।
- रु 20,000 से अधिक के दान का क्षेत्रवार विस्तृत विवरण **अनुबंध-1** में उपलब्ध है।

राजनीतिक दलों द्वारा घोषित क्षेत्रवार -वार दान (रु 20,000 से अधिक): वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 (रु करोड़ में)											
वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान मिला दानराशि				कुल दान (वित्तीय वर्ष 2024-25)	क्षेत्रीय पार्टी	वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान मिला दानराशि				कुल दान (वित्तीय वर्ष 2023-24)	कुल प्राप्त दानराशि
कॉर्पोरेट/बिज़नेस हाउस	व्यक्तिगत दान	पार्टी राज्य इकाइयाँ/यूनियन/एसोसिएशन/अन्य	अघोषित दानकर्ता का नाम			कॉर्पोरेट/बिज़नेस हाउस	व्यक्तिगत दान	पार्टी राज्य इकाइयाँ/यूनियन/एसोसिएशन/अन्य	अघोषित दानकर्ता का नाम		
60.187	4.962	0	300.635	**365.784**	**DMK**	14.70	0.408	0	6.454	**21.562**	**Rs 387.346 cr**
168.85	16.11	0	0	**184.96**	**AITC**	2.00	4.424	0	0	**6.424**	**Rs 191.384 cr**
137.6	2.439	0	0	**140.039**	**YSR-Congress**	62.50	0	0	0	**62.50**	**Rs 202.539 cr**
71.319	11.717	0	0	**83.036**	**TDP**	45.231	54.957	0	0	**100.188**	**Rs 183.224 cr**
65.075	1.032	0	0.20	**66.307**	**AIADMK**	1.495	2.175	0	0	**3.67**	**Rs 69.977 cr**
60.00	0	0	0	**60.00**	**BJD**	0	0	0	0	**0**	**Rs 60.00 cr**
6.56	26.623	0.00	0.05	**33.233**	**JMM**	0	0.6565	0	0	**0.6565**	**Rs 33.8895 cr**
13.40	11.931	0	0	**25.331**	**Janasena Party**	8.29	27.761	0	0	**36.051**	**Rs 61.382 cr**
17.909	0.788	0	0	**18.697**	**JD(U)**	1.00	0.81	0	0	**1.81**	**Rs 20.507 cr**
0.9327	8.2607	5.9424	0.097	**15.2328**	**IUML**	**NA**	**NA**	**NA**	**NA**	**NA**	**Rs 15.2328 cr**
43.0993	7.6543	6.4976	1.685	58.9362	**Others**	92.39	11.237	11.038	0.166	**114.831**	**Rs 173.767 cr**
रु 644.932 करोड़	**रु 91.517 करोड़**	**रु 12.44 करोड़**	**रु 302.667 करोड़**	**रु 1051.556 करोड़**	**कुल**	**रु 227.606 करोड़**	**रु 102.429 करोड़**	**रु 11.038 करोड़**	**रु 6.62 करोड़**	**रु 347.693 करोड़**	**रु 1399.249 करोड़**

- **वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में क्षेत्रीय दलों को भुगतान के तरीके के अनुसार दान(रु 20,000 से अधिक)**

- **बैंक ट्रांसफर** के माध्यम से प्राप्त दान सबसे प्रमुख माध्यम रहा, जिसके तहत दोनों वित्तीय वर्षों में कुल **3,586 दानों** के माध्यम से राजनीतिक दलों को **रु 431.725 करोड़** का योगदान प्राप्त हुआ।
- चेक/डीडी के माध्यम से प्राप्त दानों में पूर्ण दाता विवरण वाले **1,122 दानों** की कुल राशि **रु 329.269 करोड़** रही, जबकि अधूरे दाता विवरण वाले **966 दानों** से **रु 316.883 करोड़** दान प्राप्त हुआ है |
- वित्तीय वर्ष 2024–25 में नकद दान की संख्या में गिरावट हुई है, जो वित्तीय वर्ष 2023–24 के **432 दानों** से घटकर **74** रह गई। इसके विपरीत, नकद माध्यम से प्राप्त कुल राशि में कई गुना वृद्धि हुई और यह रु 6.537 करोड़ से बढ़कर रु 301.444 करोड़ हो गई।
